बारदाना एमपी का, धान यूपी की !

सिंगरौली में धान उपार्जन के नाम पर करोड़ों का खेल, प्रशासन बना अंजान

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 19 दिसम्बर । म.प्र. सरकार की धान उपार्जन व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। सिंगरौली जिले के चितरंगी अंचल में वारदाना म.प्र. का और धान उ.प्र. की इस फॉर्मूले पर एक बड़ा खेल खुलेआम खेला जा रहा है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि प्रशासन अब तक अंजान बना हुआ है।

सूत्रों के अनुसार एमपी के सीमावर्ती यूपी के झरकटा मार्ग से रोजाना आधा सैकड़ा से अधिक ट्रैक्टर उ.प्र. की धान लेकर म.प्र. की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं। यह धान सीधे सिंगरौली जिले की समितियों में खपाई जा रही है, जहां इसे स्थानीय उपज बताकर सरकारी बारदाने में भरकर समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है। इस पूरे खेल में समिति प्रबंधकों की भूमिका सबसे ज्यादा संदिग्ध बताई जा रही है। आरोप है कि सीमावर्ती समितियों के कथित प्रबंधक न केवल इस अवैध धान की खरीद में शामिल हैं, बल्कि पूरी प्रक्रिया को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया जा रहा है। एक अनुमान के मुताबिक, एक सीजन में ही करोड़ों रुपये का वारा-न्यारा किया जा रहा है। सबसे गंभीर सवाल यह है कि जब रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर यूपी से धान लेकर आ रहे हैं, तो प्रशासन और राजस्व अमला आखिर देख क्या रहा है, क्या चेक पोस्ट सिर्फ कागजों में मौजूद हैं या फिर जानबूझकर आंखें मूंद ली गई हैं। धान उपार्जन की यह व्यवस्था न केवल म.प्र. सरकार के साथ सीधा धोखा है, बल्कि राज्य के वास्तविक किसानों के हक पर भी डाका है। यूपी की धान को एमपी की बताकर खरीदा जा रहा है, जिससे सरकारी खजाने को भारी राजस्व क्षति पहुंच रही है और स्थानीय किसानों को उनका पूरा हक नहीं मिल पा रहा।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह खेल बिना ऊपरी संरक्षण के संभव ही नहीं है। ट्रैक्टरों की आवाजाही, समितियों में अचानक बढ़ी धान की आवक और रिकॉर्ड में दिखाई जा रही भारी खरीद, ये सब संकेत साफ करते हैं कि यह कोई छोटी गड़बड़ी नहीं, बल्कि संगठित घोटाला है। प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

चितरंगी क्षेत्र में धान उपार्जन केंद्रों की नियमित निगरानी का दावा किया जाता है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। अगर समय रहते जांच नहीं हुई, तो यह मामला आने वाले दिनों में प्रदेश स्तरीय घोटाले का रूप ले सकता है।

धान उपार्जन बना कमाई का जरिया

इधर बता दें कि चितरंगी व माड़ा क्षेत्र में धान उपार्जन केन्द्रों पर पूर्व की भांति फिर से धान के नाम पर भारी खेल हो रहा है। सबसे ज्यादा चितरंगी क्षेत्र में उ.प्र. से धान चितरंगी पहुंच रही है। हर वर्ष भारी संख्या में धान पकड़ी जाती है, इस धान की खेल में कौन संलिप्त है, इसकी जांच कराने में जिला प्रशासन अभी तक नाकाम है। वहीं अब सवाल यह है कि क्या जिला प्रशासन इस पूरे खेल की निष्पक्ष जांच कराएगा, क्या समिति प्रबंधकों की संपत्ति और लेन-देन की जांच होगी या फिर हर साल की तरह यह मामला भी जांच के नाम पर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। सिंगरौली की जनता और किसान अब जवाब चाहते हैं। धान उपार्जन किसानों के लिए है या कुछ लोगों को करोड़पति बनाने का जरिया। अब देखना यह है कि प्रशासन इस खुली लूट पर लगाम कसता है या फिर खामोशी ही इसकी सबसे बड़ी गवाह बनेगा।

कड़ाके की ठंड से जनजीवन ठिठका

बादलो के बीच सूर्यदेव की लुकाछिपी, रात में न्यूनतम तापमान पहुंचेगा 6 डिग्री तक

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 19 दिसम्बर । जिले में इन दिनों शीतलहर का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। आज दिन शुक्रवार को सूर्यदेव बादलो के बीच लुकाछिपी करते रहे। जिससे गलन भरी ठंड ने लोगों को कंपकंपी के लिए मजबूर कर दिया। सुबह से लेकर शाम तक आसमान पर घने बादल छाए रहे और ठंडी हवाओं के चलते सड़कों पर आवाजाही अन्य दिनों के मुकाबले कम दिखा। लोग जरूरी कामों पर ही घर से बाहर निकले।

मौसम विभाग के अनुसार आज दिन शुक्रवार को सिंगरौली का अधिकतम तापमान करीब 14.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। देर रात तापमान गिरकर 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई गई है। ठंडी हवाओं के साथ लगातार बढ़ रही नमी ने गलन को और तेज कर दिया है, जिससे आम लोगों को भारी असुविधा हो रही है। ठंड का सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों, मजदूरों और कार्यालय जाने वाले लोगों पर देखने को मिल रहा है। ठिठुरन के कारण लोग शरीर को गर्म रखने के उपाय कर रहे हैं। बाजारों और चौक-चौराहों पर अलाव के इर्द-गिर्द लोगों का जुटना आम नजारा बन गया है। स्थानीय चिकित्सकों ने सलाह दी है कि अत्यधिक ठंड के समय बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त गर्म कपड़ों का उपयोग करें और बच्चों व बुजुर्गों की विशेष देखभाल करें। वहीं नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था भी की जा रही है, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

लगातार गिरते तापमान और घने कोहरे की संभावना के कारण प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी दो दिनों तक ठंड का यह दौर और अधिक कड़ा हो सकता है।

एक नजर में

प्रभारी मंत्री का सिंगरौली में आगमन आज

सिंगरौली। जिले की प्रभारी मंत्री सम्पतिया उईके मंत्री म.प्र. शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कल दिन शनिवार को सिंगरौली आयेंगी। जारी दौरा कार्यक्रम अनुसार प्रभारी मंत्री 20 दिसम्बर को प्रातः 7 बजे मण्डला से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे निगरी गेस्ट हाऊस आगमन। प्रातः 11:30 बजे निगरी गेस्ट हाऊस से बैढ़न के लिए प्रस्थान। दोपहर 1:30 बजे बैढ़न आगमन एवं कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करेगी। प्रभारी मंत्री दोपहर 3 बजे राज्य शासन के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित प्रेस वर्ता को संबोधित करेगी। शायं 4 बजे स्थानीय कार्यक्रमो में शामिल होगी।

ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण 22 को

सिंगरौली। प्रभारी अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव पाण्डेय ने बताया कि ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण 22 दिसम्बर को शांय 4 बजे किया जायेगा। उन्होंने राजनैतिक दलों से निर्धारित समय पर ईव्हीएम वेयरहाउस में स्वतः उपस्थित रहने अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि को भेजने की अपील की है।

नियुक्त उप निर्वाचन के लिए प्रेक्षक का जिले में हुआ आगमन

सिंगरौली। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतो एवं नगर निगम के वार्डो के उप निर्वाचन के लिए अरूण कुमार पाण्डेय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्री पाण्डेय का जिले में आगमन हो गया है। निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार के कठिनाईयो के संबंध में संबंधित मोबाईल नम्बर के माध्यम से पेक्षक श्री पाण्डेय से सम्पर्क किया जा सकता है।

उपार्जित धान का प्रति दिवस कराया जाये परिवहन : गौरव

कलेक्टर ने किया धान उपार्जन केंद्र करौटी का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 19 दिसम्बर । कलेक्टर गौरव बैनल ने धान उपार्जन केंद्र करौटी का औचक निरीक्षण किया एवं उपार्जन केंद्र में आये किसानों से रूबरू होते हुए उनका हालचाल जाना।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों से संवाद कर उपार्जन केंद्र में की गई व्यवस्थाओं के संबंध में किसानों से जानकारी ली। किसानों ने एक स्वर में कहा कि किसी भी तरह की परेशानी नहीं है। उपार्जन केन्द्र में तौल काटो के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में वारदाने उपलब्ध है, स्लाट बुकिंग सहजता के साथ हो रही है। उपार्जन के समय अतिरिक्त राशि की मांग नही की जा रही है, हम सब सहजता अपने धान की बिक्री कर रहे हैं। कलेक्टर ने उपार्जित धान के गुणवत्ता की मशीन के माध्यम से जांच कराने के साथ ही वजन की गई, धान की बोरियों का अपने समक्ष तौल कराया गया। धान की बोरियों का वजन निर्धारित मात्रा के अनुसार मिला। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित उपयुक्त सहकारिता एवं समिति के प्रबंधक को निर्देशित किया कि बाहर रखी हुए धान की बोरियां आकस्मिक बरसात से भीगे नही अन्यथा उपयुक्त सहकारिता एवं समिति के प्रबंधक के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। केंद्र में तिरपाल की पर्याप्त व्यवस्था रखें। कलेक्टर ने उप आयुक्त सहकारिता को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि प्रति दिवस उपार्जित धान का परिवहन कराएं एवं प्रगति प्रतिवेदन के माध्यम से नियमित रूप से अवगत कराएं तथा किसानों का समय पर भुक्तान किया जाए। भ्रमण के दौरान उपयुक्त सहकारिता पीके मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।

खुटार चौकी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, घर के पीछे उगा रखा था गांजे का पेड़

नशे के खिलाफ सिंगरौली पुलिस का सख्त प्रहार, ढाई लाख का गांजा जब्त

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 19 दिसम्बर । जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस चौकी खुटार, थाना बैढ़न की टीम ने अवैध रूप से गांजा की खेती करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लगभग ढाई लाख रुपये मूल्य का गांजा जप्त किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार धारा 8/20(ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी रमाकांत पटेल उम्र 54 वर्ष, निवासी ग्राम बनौली, चौकी खुटार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने अपने घर के पीछे पपीता के पेड़ के पास अवैध रूप से गांजा का बड़ा हरा पेड़ उगा रखा था। बीते दिन शुक्रवार को चौकी खुटार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रमाकांत पटेल अपने घर के परिसर में गांजा की खेती कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने गवाहों के साथ मौके पर दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 25 किलो 660 ग्राम वजन का गांजा का पेड़ बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 50 हजार रूपये आंकी गई है। पूछतांछ में आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने जप्त मादक पदार्थ को विधिवत जप्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। यह पूरी कार्रवाई एसपी मनीष खत्री के निर्देशन में एएसपी सर्वप्रिय सिन्हा एवं सीएसपी पीएस परस्ते के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह परिहार के निर्देशानुसार की गई। कार्रवाई में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शीतला यादव सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई से नशे के कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है, वहीं आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।

एनटीपीसी ने 85 .5 गीगावॉट से अधिक की कमर्शियल क्षमता हासिल की

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 19 दिसम्बर । एनटीपीसी ने गुजरात और राजस्थान में अपनी सब्सिडियरी कंपनियों के विभिन्न सोलर प्रोजेक्ट्स के माध्यम से 359.58 मेगावाट की नई कमर्शियल क्षमता जुड़ने की घोषणा की है। इसके साथ ही एनटीपीसी ग्रुप की कुल कमर्शियल क्षमता 85.5 गीगावॉट से अधिक हो गई है।

एनटीपीसी ने आज अपनी सब्सिडियरी एनजीईएल के माध्यम से एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के गुजरात स्थित 1255 मेगावॉट के खावड़ा 1 सोलर पीवी प्रोजेक्ट की 243.66 मेगावॉट आंशिक क्षमता के वाणिज्यिक संचालन कमर्शियल ऑपरेशन डेट की घोषणा की। इसके अलावा कंपनी ने राजस्थान में एनटीपीसी के नोख सोलर पीवी प्रोजेक्ट की कुल 245 मेगावॉट क्षमता में से 78 मेगावॉट के वाणिज्यिक संचालन की घोषणा की। एनटीपीसी देश की कुल बिजली जरूरतों का लगभग एक-चौथाई योगदान दे रही है। कंपनी की कुल स्थापित क्षमता 85 गीगावॉट से अधिक है, जबकि 30.90 गीगावॉट अतिरिक्त क्षमता निर्माणाधीन है, जिसमें 13.3 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता शामिल है। एनटीपीसी वर्ष 2032 तक 60 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे भारत के नेट जीरो लक्ष्यों को मजबूती मिलेगी।

पत्रकार व अधिवक्ता हरमित सिंह को मातृ शोक

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 19 दिसम्बर । पत्रकार हरमित सिंह अधिवक्ता व तेजिन्दर सिंह अधिवक्ता की माता व सरदार गुरूबचन सिंह की धर्मपत्नी कुलवंत कौर का वाराणसी के एक निजी चिकित्सालय में आज दिन शुक्रवार की सुबह निधन हो गया। वे करीब 64 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार दोपहर में चटका मुक्तिधाम में किया गया।

परिवार जनो से मिली जानकारी के अनुसार उनका इलाज वाराणसी के चिकित्सालय में चल रहा था। जहां उन्होंने रात में करीब 2 बजे अंतिम सांसे ली। निधन की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिको एवं पत्रकारो ने उनके एलआईजी चौक स्थित उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया है। पत्रकारो ने इस दुःख की घड़ी परिवार जनो को शक्ति प्रदान करने व दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालो पत्रकारो में कालिका गुप्ता, रोहित गुप्ता, विमल श्रीवास्तव, रामयश सिंह, गोविन्द राज सहित अन्य मौजूद रहे।

बचपन में सीखे गए नैतिक मूल्य जीवन भर साथ रहते हैं : सुखवंत

दिल्ली पब्लिक स्कूल निगाही में अंतर कक्षीय हिंदी कहानी वाचन प्रतियोगिता आयोजित

नवभारत न्यूज

निगाही 19 दिसम्बर । दिल्ली पब्लिक स्कूल निगाही में पूर्व प्राथमिक विभाग द्वारा अंतर कक्षीय हिंदी कहानी वाचन की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

उक्त प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुखवंत सिंह थापर ने बताया कि विद्यालय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपनी तोतली भाषा में ऐसी-ऐसी रोचक और शिक्षाप्रद कहानी सुनाई की उपस्थित दर्शक-शिक्षक, अभिभावक सभी उनकी प्रतिभा देखकर आश्चर्यचकित रह गए। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में भाषाई कौशल, आत्मविश्वास, उच्चारण क्षमता और नैतिक मूल्यों का विकास करना था। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावकों ने भी उपस्थित होकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। निर्णायक मंडल के सदस्यों में अजीत सिंह, डॉ. नारायण प्रसाद मिश्र एवं भगवान प्रसाद द्विवेदी ने इन बच्चों की प्रस्तुति शैली, आत्मविश्वास, कहानी की स्पष्टता तथा नैतिक संदेश जैसे बिंदुओं पर मूल्यांकन किया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री थापर ने अपने संबोधन में कहा कि बचपन में सीखे गए नैतिक मूल्य जीवन भर साथ रहते हैं, इसलिए ऐसी प्रतियोगिताएँ बच्चों में सृजनात्मकता और संस्कार विकसित करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती हैं। वहीं विजित प्रतिभागियों की घोषणा करते हुए प्राचार्य ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

फर्स्ट एड का ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है : सुशील

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 19 दिसम्बर । इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली से संबद्ध सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया के तत्वाधान में प्राथमिक चिकित्सा फर्स्ट एड प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन एसडी सिंह के दिशा-निर्देशन तथा रेडक्रॉस सचिव डॉ. ओपी राय के मार्गदर्शन में सम्पन्न कराया गया। फर्स्ट एड ट्रेनिंग ऑफिसर डॉ. सुशील सिंह चंदेल के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुमित गुप्ता भी मौजूद रहे । प्रशिक्षण कार्यक्रम में फर्स्ट एड ट्रेनिंग ऑफिसर डॉ. सुशील सिंह चंदेल द्वारा प्रतिभागियों को प्राथमिक चिकित्सा का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को यह सिखाया गया कि आपदा या दुर्घटना के समय घबराहट से बचते हुए किस प्रकार धैर्यपूर्वक एवं विवेकपूर्ण निर्णय लिया जाए। इस अवसर पर डॉ. सुशील सिंह चंदेल ने अपने संबोधन में कहा कि फर्स्ट एड का ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है।

एनसीएल की महिला कर्मियों ने दिखाया दमखम

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 19 दिसम्बर । एनसीएल द्वारा पंख प्रसार हौसलों की उड़ान प्रतियोगिता का सिंगरौली स्टेडियम में आयोजन किया गया।

एनसीएल ने यह कार्यक्रम महिला कर्मियों की छिपी हुई प्रतिभा, कौशल एवं क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया। इस दौरान महिला कर्मियों की फिटनेस के लिए विविध खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के दौरान जुम्बा, ब्लास्ट द बलून, सेव द बलून, थ्री लेग रेस, रस्सा कस्सी, बोरा दौड़, पिचर रेस, रिले दौड़, लॉन्ग जंप, शॉट पुट इत्यादि प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। पंख प्रसार कार्यक्रम में एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों से महिलाओं को 4 टीमों में बांटा गया था। इस दौरान कुल 10 खेल खेले गए, जिसमें 184 महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान अपने उद्बोधन में महाप्रबंधक राजेश त्रिवेदी ने कहा कि खेल कूद को दैनिक जीवन में शामिल करने से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार होता है और सभी प्रतिभागियों को शानदार प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

कॉलेज के लिए आवंटित भूमि का पुन : करायें सीमांकन : बैनल

26 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे पीजी कॉलेज का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 19 दिसम्बर । गनियारी में 26 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे पीजी कॉलेज भवन का कलेक्टर गौरव बैनल ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी एजेंसी को निर्देशित किया कि कार्य में गति लायें एवं समय सीमा में कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। कलेक्टर ने एम्फीथिएटर कक्ष के साथ-साथ अध्ययन कक्ष एवं मल्टीपर्पज हॉल का निरीक्षण किए तथा संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया की पीजी कॉलेज के व्यवस्थित विस्तारीकरण के लिए ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी के साथ-साथ पहुँच मार्ग निर्माण के लिए योजना तैयार कर प्रस्तुत करें, ताकि डीएमएफ मद से राशि की स्वीकृति प्रदान हो सके। कलेक्टर ने कहा कॉलेज परिसर तक आवागमन के लिए पहुंच मार्ग का निर्माण नही हो पाया है, जिसके संबंध में पीडब्ल्यूडी के द्वारा बताया गया कि चिन्हित किए गये स्थलें के साथ-साथ कॉलेज के क्षेत्रांतर्गत शासकीय भूमियें में कुछ व्यक्तियों के द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसके कारण कठिनाई हो रही है। जिसके संबंध में निर्देशित किया कि राजस्व विभाग से संपर्क कर सीमा क्षेत्र को चिन्हित किया जाये, ताकि जो भी अवैध अतिक्रमण हो उन्हे हटाने की कार्यवाही की जा सके। कलेक्टर ने क्षेत्र के विकास के लिए लगातार जिले भर का भ्रमण कर रहे हैं। निर्माणाधीन कार्यो के साथ-साथ पेंडिग कामों को पूर्ण कराने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। वहीं आज भ्रमण के दौरान अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि किसी भी निर्माण कार्य में लापरवाही न की जाये, साथ ही गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया जाये। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री तेजस्वनी शुक्ला सहित निर्माण एजेंसी के अधिकारी मौजूद रहे।